तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 11. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 28 दिसंबर 2023

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

2
बोनस का पैसा लेने बैंक में उमड़ पड़े थे किसान, पहले दिन ही कैश का शॉर्टेज

खबर संक्षेप

मरम्मत का कार्य जारी, वाहनों को बिर्रा पुल से किया परिवर्तित

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी निर्देशन में पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर शिवरीनारायण से गिधौरी जाने वाले महानदी पुल में मरम्मत का कार्य चल रहा है। महानदी पुल में भारी वाहनों का आवागमन, यातायात दबाव एवं जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने शिवरीनारायण से गिधौरी जाने वाले मार्ग को परिवर्तित किया है। इस दौरान उन्होंने से संबंधित विभाग को शिवरीनारायण एवं गिधौरी के तरफ के चारपहिया वाहन को बिर्रा पुल के तरफ से परिवर्तन, शिवरीनारायण एवं बलौदा बाजार तरफ आने वाले वाहन को परिवर्तित मार्ग बिर्रा पुल से आवागमन किये जाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा मार्ग परिवर्तन की सूचना हेतु फ्लेक्स एवं बोर्ड लगाये जाने, परिवर्तित स्थल पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने, लाल झण्डा एवं रेडियम जैकेट पहनकर ड्यूटी कराये जाने, पुल पर सुरक्षा रैलिंग, साईन बोर्ड, सुरक्षा सूचक बैनर, एवं पर्याप्त स्टापर रखे जाने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बालगृह की स्थापना व संचालन के लिए प्रस्ताव 2 जनवरी तक

जांजगीर-चांपा। किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह (बालक) एजेन्सी के संचालन हेतु 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। बालगृह बालक की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओ का आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को सभी दस्तावेज एवं विवरण सहित आवेदन में प्रस्तुत कर सकेंगे।

रबी फसल के लिए 10 जनवरी से मिलेगा पानी

जांजगीर-चांपा। भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर-चांपा में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

जिले के जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ अजाक थाने में शिकायत

जांजगीर-चांपा। जिले के जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा के खिलाफ जांजगीर के अजाक थाने में ऑफिस के ही स्टाफ ने शिकायत दर्ज कराया है. जिसमें उन्होंने जातिगत गाली गलौज करने का आरोप लगाया है।
शिकायतकर्ता ने 24 दिसंबर को लिखित में जिला शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर कार्यालय में दोनों के बीच बहस हुई तभी जिला से शिक्षा अधिकारी ने तैस में आकर अपने अधीनस्थ स्टाफ को जातिगत गाली गलौज देकर अपमानित किया है। अब इस मामले में अजाक थाने के अधिकारी द्वारा जांच की जा रही है।

आवक टोकन कटाने से लेकर तौल कराने तक हलाकान हो रहे किसान

धान खरीदी में तेजी आने के साथ ही केन्द्रों में बढ़ी किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खून पसीने की कमाई धान को समर्थन मूल्य पर बेचने किसानों को इन दिनों ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। शासन प्रशासन के तमाम दिशा निर्देशों के बावजूद खरीदी केन्द्रों में किसान धान बेचने के लिए परेशान हो रहे है। स्थिति यह है कि टोकन कटवाने से लेकर बारदाना हासिल करने और तौल कराने तक किसानों को कई दिनों तक केन्द्र प्रभारी, ऑपरेटर और हमाल तक के आगे गिड़गिडाना पड़ रहा है।

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में दिसंबर महीने में ही धान खरीदी में गति आती है। वर्तमान में जिले के खरीदी केन्द्रों में धान बेचने के लिए किसानों की भीड़ पहुंच रही है। इसके साथ ही वहां व्याप्त अव्यवस्था और समस्याओं के चलते किसानों को सुबह से शाम तक केन्द्र प्रभारी से लेकर हमाल तक के आगे मिन्नतें करनी पड़ती है। इसके बाद भी टोकन नहीं कटा तो दूसरे- तीसरे दिन फिर से वहीं काम होता है। जैसे तैसे टोकन कट जा रहा है तो आगे बारदाना मिलने से लेकर तौल कराने तक में किसानों की ऐड़ियां घिस जा रही है। दिसंबर महीने के आखिरी सप्ताह में धान खरीदी में अब गति आने लगी है। केन्द्रों में किसान सैकड़ों की तादाद में पहुंच रहे है। जहां सबसे पहले आवक टोकन लेने में उन्हें मशक्कत करनी पडती है। जैसे तैसे आवक टोकन कट जाए तो निर्धारित तिथि में धान पहुंचाकर तौल कराने की चुनौती होती है। खरीदी केन्द्रों में कहने को तो प्रभारी के अलावा जिम्मेदार अधिकारी भी होते है, लेकिन पूरा का पूरा दारोमदार हमालों पर टिका होता है। केन्द्र प्रभारी से बात बन भी जाए तो हमालों से धान तौल करा पाना सहज नहीं होता। ऐसे में किसानों को हर जगह परेशानी तो हो रही है, ऊपर से जेबे भी ढीली करनी पड़ती है। इस तरह की समस्या जिले के नवागढ़, किरीत, नेगुरडीह, तुलसी, मिसदा, केरा सहित अधिकांश खरीदी केन्द्रों में देखने को मिल रही है। किसानों ने बताया कि यहां सर्वाधिक परेशानी फड़ पर लाए गए धान को पलटने के लिए बारदाना लेने में होती है। इसके बाद तौल कराने के लिए भी हमालों के सामने मिन्नते करनी पडत है। इसके अलावा व्यापारियों, बिचौलियों सहित रसूखदारों का काम आसानी से हो जाता है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र के कई केन्द्रों में हमालों का राज चल रहा है। वे केन्द्र प्रभारी तक की बात नहीं मानते और अपने अनुसार तौल करते है। कुल मिलाकर धान खरीदी केन्द्रों में व्याप्त अव्यवस्था के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है और उन्हें अपने खून पसीने की कमाई धान को समर्थन मूल्य पर बेचने ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है।

कोसमंदा धान खरीदी में पड़ी धान की बोरिया।

आवक टोकन कटवाने किसान कर रहे मशक्कत

कोसमंदा। धान की मंडी में सीमित धान खरीदी से किसनो को समस्या हो रहे हैं कोसमंदा धान के मंडी में टोकन कटवाने के लिए पिछले कई दिनों से किसानों का आना-जाना लगा हुआ है, बीच-बीच में सरकारी छुट्टियों के वजह से भी अधिकारी कर्मचारी धान खरीदी नहीं कर पा रहे थे, इस वजह से किसानों को हो रहे है दिक्कत या तो धान खरीदी का लिमिटेड बढ़ाने के लिए किसानों का मांग है, जो ज्यादा से ज्यादा धान खरीदी कराई जाए ऐसे उनकी मांग है। सहकारी बैंक में किसानों के खाता का जांच नहीं कराई जा रहे हैं। जो पिछले तीन महीने से बंद पड़ा है, किसानों का बोनस का पैसा आ गए हैं जो केवल सप्ताह में एक दिन उनके खाता का पैसा निकाल सकता है, वह शुक्रवार का ही दिन है अन्य दिन उन्हें खाली और बैरंग आना पड़ता है, तो उस दिन अन्य गांव के किसानों को भी पैसे नहीं देना चाहिए। किसानों का कहना है। किसानों का धान मंडी में टोकन काटने में भी बहुत ही ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, किसानो के कहे अनुसार उनके आधार कार्ड जमा कराए जा रहे हैं। और उस हिसाब से टोकन काटेंगे ऐसे कहां जा रहे हैं, जबकि ऑनलाइन भी टोकन कटता है जो ऑनलाइन टोकन नहीं कट रहे हैं लिमिटेड लोगों का ही तो काटे हैं इसमें भी किसानों का समस्या देखने को मिल रहे हैं धान के मंडी में सीमित कर्मचारियों के माध्यम से कार्य हो रहे हैं, इस वजह से भी काम में देरी हो रहे हैं।

बोनस राशि पाने कतार में खड़े किसान।

बोनस आते ही जिला सहकारी बैंकों में टूट पड़ी किसानों की भीड़

पैसा खत्म होने का दिया जा रहा हवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

2 साल का बकाया बोनस राशि पाने इन दिनो बैंको में किसानो की कतार नजर आ रही है। खासबात यह है कि जिला सहकारी के कई बैंको में राशि नही होने का हवाला देकर किसानो को दुसरे दिन बैंक राशि लेने आने कहा जा रहा है।

अभिवाजित जिले में 2 साल का बकाया बोनस राशि दिया जाना है। विभागीय जानकारी के मुताबिक जांजगीर जिले के 1 लाख 9 हजार 817 किसानो को 2 साल का बकाया बोनस करीब 1 89 करोड 86 लाख दिया जाना है। वही किसानो के बैंक खातो में राशि सोमवार 25 दिसम्बर को डाल दी गई है। इसी प्रकार सक्ती जिले के 97 हजार 779 किसानो के बैंक खातो में 2 साल का बकाया बोनस 1 अरब 80 करोड से अधिक की राशि किसानो के बैंक खातो में जमा करा दी गई है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जांजगीर एंव सक्ती जिले के करीब 2 लाख 7 हजार 596 किसानो के बैंक खातो में 3 अरब 70 करोड रूपए से अधिक की राशि किसानो के बैंक खातो में जमा कर दी गई है। जिसे पाने दोनो जिलो के किसान इन दिनो कडी मशकक्त कर रहे है। जांजगीर चाम्पा एंव सक्ती जिले को मिलाकर करीब 20 से भी अधिक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको का संचालन किया जा रहा है। वही कई बैंको में तो राशि की कमी का हवाला देकर किसानो को दुसरे दिन बकाया बोनस राशि लेने आने कहा जा रहा है।

इस संबंध में जिला सहकारी बैंक के नोडल अफसर रेशमलाल तिवारी का कहना है कि बैंकों में किसानों को बोनस राशि पाने में किसी तरह की परेशानी ना हो, इसे लेकर शाखा प्रबंधकों को आदेशित किया गया है।

युवक पर प्राणघातक हमला, एक गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आपसी रंजिश के चलते युवक पर प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले के दो अन्य आरोपी अभी भी फरार है। जिसकी पतासाजी की जा रही है। घटना सक्ती के बुधवारी बाजारी की है।

खास बात
- घटना सक्ती के बुधवारी बाजार की है

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 26 दिसंबर की है। ग्राम टेमर निवासी राजूलाल सक्ती स्थित बुधवारी बाजार के पास आया था। इस बीच ग्राम नंदेली निवासी राहुललाल यादव उम्र 20 वर्ष एवं उसके दो अन्य साथियों द्वारा राजूलाल पर लाठी डंडे से प्राणघातक हमला कर दिया था। इस बात की रिपोर्ट प्रार्थी ने सक्ती थाने में दर्ज कराई थी। जिसके बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ भादंवि की धारा 323, 294, 506, 34, 307 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना में जुट गई थी। इस मामले में फरार आरोपियों की पुलिस लगातार पतासाजी में जुटी रही। इस मामले में आरोपी राहुललाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं मामले के दो अन्य आरोपी अभी भी फरार है। जिनकी पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही है। इस मामले में थाना प्रभारी विवेक शर्मा का कहना है कि आपसी रंजिश के चलते युवक पर प्राणघातक हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दो फरार आरोपियों की पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है। जल्द ही फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

हादसे की आशंका...

जांजगीर-चांपा। जिला मुख्यालय जांजगीर के नेताजी चौक से कचहरी चौक तक नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसके चलते कालिका होटल के सामने भारी भरकम गड्ढा खोद दिया है। जिससे तकरीबन 15 दिनों से लोगों को आवागमन में परशानी हो रह है। फोटो : हरिभूमि

50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर चांपा। 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ीभांठा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना अकलतरा क्षेत्र मे अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार 26 दिसंबर को मुखबिर सूचना मिला कि थाना अकलतरा क्षेत्र के पोडीभाठा अकलतरा का बहादुर सिह के द्वारा अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया तो जिसके कब्जे से नीले रंग के जरिकेन मे करीब 50 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6 हजार रूपया मिला। आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर 26 दिसंबर को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक टी.एस. पट्टावी, महिला आरक्षक अनिता पाटले, आरक्षक शशीकांत कश्यप, राघवेन्द्र धृतलहरे, शेषनारायण साहू का योगदान रहा

यातायात अमले ने की ट्रैक्टरों की जांच, रिफ्लेक्टर नहीं होने पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ट्रेक्टर वाहनों में रिफलेक्टर ग्लास नही लगाने वाले वाहन चालकों तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में कुल 49 वाहन चालको पर कार्यवाही की गई। उनसे 15 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

ज्ञात हो कि जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। मुलमुला में 14 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 42 सौ का समन शुल्क, थाना सारागांव में 3 वाहन चालकों से 9 सौ व यातायात पुलिस द्वारा 32 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 15 हजार का समन शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने हेतु चालकों को समझाईस दी गई।

ग्रामवासियों को आने जाने में करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

निकासी नहीं होने से गलियों में बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

बाड़ापारा का मुख्य मार्ग में घरों से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए नाली नही होने के कारण लोगो की अच्छी खासी परेशानी बढ़ गई है। अधिकारी और जनप्रतिंनिधि की लापरवाही की वजह से आज भी बाड़ापारा के लोग कीचड़ में चलने को मजबूर है।

ग्राम पंचायत तुस्मा के बाडापारा की गलियों में नाली नही होने के कारण घरों का गंदा पानी के लिए नाली निर्माण नही होने से गली में ही निकासी हो रहा है। इसके कारण कीचड़ में ही लोगो को आने जाने में भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। जिससे संक्रामक बीमारी उत्पन्न होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। कई बार जनप्रतिनिधि को खबरों के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। उसके बावजूद भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि सुध तक नही ले रहे है और नही ग्राम सचिव तक को भी गांव की समस्या से कोई लेना देना है। ग्रामीणों द्वारा गांव की पंचायत प्रमुखों से कई बार नाली निर्माण करने की मांग किया जा चुका है। लंबे समय बीत जाने के बाद भी जनप्रतिंनिधि अब भी उदासीन नजर आ रहे है। बाड़ापारा मोहल्ला के घरों के पानी का निकासी गली में होने के कारण लोगो को आने जाने में परेशानी हो रही है इसके साथ ही सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बाडापारा में आजतक नाली निर्माण नही होने से ग्रामवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

बाड़ापारा के मुख्य मार्ग में भरा गंदा पानी।

कुम्हारीकला सरपंच के खिलाफ 12 पंचों ने लाया अविश्वास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

ग्राम पंचायत कुम्हारीकला सरपंच के खिलाफ 12 पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है। जिस पर शुक्रवार 29 दिसंबर को 11 बजे ग्राम पंचायत भवन कुम्हारीकला में मतदान होगा। इस बीच सरपंच अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब हो पाते है कि नहीं मतदान के दिन पता चलेगा। इधर मतदान को लेकर आवश्यक तैयारी पीठासीन अधिकारी की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में 14 वार्ड है। जिसमे अनियमितता को लेकर यहाँ 12 वार्डो के पंचों ने एक जुट होकर सरपंच अरुण कुमार गबेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के उच्चाधिकारियों के पास आवेदन दिया गया था। जिससे सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए (नीरनिधि नन्देहा) विहित प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चाम्पा के द्वारा 29 दिसम्बर शुक्रवार को समय प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत भवन कुम्हारीकला में किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में 14 के 12 पंचों ने एक जुट होकर सरपंच के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

खबर संक्षेप

उपचार हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रहीं सुनिश्चित

कोरबा। जिले में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में कोरोना संक्रमित मरीज के उपचार हेतु 10 बिस्तर सुसज्जित आईसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। उक्त वार्ड में 10 बेड ऑक्सीजन पाईप लाईन से जुड़े हुए हैं। साथ ही आईसोलेशन वार्ड में आवश्यक उपकरण वेंटिलेटर, बी-पैप, सी-पैप, ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर के साथ जीवनरक्षक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। चिकित्सालय में 2 ऑक्सीजन प्लांट संचालित है। चिकित्सालय में पूर्व से ही संचालित वायरोलोजी लैब में आरटीपीसीआर रिएजेन्ट एवं किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिससे कोरोना की जॉंच निरंतर जारी है। साथ ही वार्ड में आवश्यक तैयारी जायजा लेने हेतु मॉक ड्रिल भी पूर्ण कर लिया गया है।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक

कोरबा। कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में कोरबा जिले के वृहद जलाशयों एवं लघु जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ सिंचाई उपलब्धि तथा रबी सिंचाई लक्ष्य का निर्धारण, खाद-बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता आदि अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

आईटीआई अप्रेंटिस संघ मिला सीएम साय से

कोरबा। भारतीय आईटीआई अप्रेंटिस संघ अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णदेव साय से मिलकर जिले के औद्योगिक संयंत्रों में आईटीआई डिग्रीधारी बेरोजगार युवाओं के भर्ती का मुद्दा उठाते हुए औद्योगिक संयंत्रों में भर्ती शुरू किए जाने की मांग की। संघ के अध्यक्ष सुशील निर्मलकर ने बताया कि एसईसीएल की खदानें जिले में संचालित है। इनके अलावा बालको, एनटीपीसी, सीएसईबी जैसे औद्योगिक उपक्रम स्थापित हैं और यहां पिछले लंबे समय से आईटीआई डिग्रीधारी बेरोजगार युवाओं की भर्ती नहीं हो रही है, जबकि इसके संबंध में एसईसीएल से लिखित में समझौता संघ के साथ हुआ है। इसके बावजूद समझौते पर एसईसीएल प्रबंधन अमल नहीं कर रहा है। कई औद्योगिक प्रबंधन आउटसोर्सिंग में कामगारों को रख रहे हैं। इसईसीएल में ही 30 से 40 हजार ठेका श्रमिक आउटसोर्सिंग में कार्य कर रहे हैं।

जिल्गा बरपाली में बंटा बोनस प्रमाण पत्र

कोरबा। जिला स्तरीय बोनस वितरण कार्यक्रम के तहत सभी ग्राम पंचायतों में एवं आदिवासी सेवा सहकारी समितियों में बोनस वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में ग्राम जिल्गा में भी बोनस प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम लघुवन वनोपज समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर राठिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

न्यायालय श्रीमान द्वितीय अतिरिक्त प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश, बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

श्रीमती दुर्गा साहू.....वादी

विरुद्ध

सुरेश साहू.... **प्रतिवादी,**

प्रोसेस क्र. 187/2023 व्य.वाद क्र. 726/2018, पेशी ता. 19/01/2024

प्रति,

सुरेश साहू पिता महेश साहू, निवासी न्यू चंदनिया पारा कमला पाटले के घर के पास, जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

आवेदिका के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष आपके विरुद्ध धारा 25, 27 हिन्दू विवाह अधिनियम वास्ते स्त्रीधन को वापस दिलाये जाने बावत का प्रकरण इस न्यायालय में संस्थित किया है। अतः आपको इस न्यायालय में दिनांक 19/01/2024 को दिन के 11.00 बजे आवेदन पत्र का उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेज सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते हैं को पेश करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बतायी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुऐ किया जावेगा। और यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 27/12/23 को मेरे न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर हस्ताक्षरित किया गया है।

दिनांकः 27/12/2023

न्यायालय
(पीठासीन अधिकारी श्री निरंजन लाल चौहान)
द्वितीय अतिरिक्त प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश
बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

अब स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री करना हुआ महंगा, देना होगा 18 प्रतिशत जीएसटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जीएसटी के इस दौर में खाने-पीने की चीजों पर जीएसटी लग रही है। ऐसे दौर में अब अपने लोगों को डाक भेजना भी महंगा होगा। डाक संचार विभाग के एक दिसंबर से लागू नए निर्देश के तहत अब स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री में भी 18 प्रतिशत जीएसटी उपभोक्ताओं को देना होगा। पोस्ट ऑफिस पहुंचने पर उपभोक्ताओं को जब 18 प्रतिशत की जीएसटी की जानकारी होने पर उन्हें पहले की अपेक्षा ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है। जीएसटी के दायरे से अब तक डाक विभाग अछूता था, लेकिन 1 दिसंबर से यह भी जीएसटी के दायरे में आ गया है। खाद्य एवं अन्य उपभोक्ता सामाग्रियों व सर्विस देने वाले कार्यों में जिस तरह 18 प्रतिशत जीएसटी पूर्व में लगाई गई थी उससे तो पहले से ही उपभोक्ता झेल रहे हैं और अब उन्हें अपने परिचितों व रिश्तेदारों को डाक विभाग के माध्यम से पत्र भेजना भी महंगा पड़ेगा। आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ शासकीय कार्यालय भी इसके चपेट में आ गए हैं। सबसे अधिक जीएसडी मार युवा वर्ग को झेलना पड़ेगा। जिनके द्वारा अपने कैरियर को लेकर विभिन्न संस्थानों प्रतिष्ठानों में दस्तोवज की हॉट कॉपी भेजी जाती है वह भी स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री के माध्यम से भेजा जाता है। युवा वर्ग भी डाक विभाग की इस महंगाई को झेलने वाला सबसे बड़ा वर्ग है। इनके अलावा व्यवसायी वर्ग भी प्रभावित होगा, जो आम तौर पर अपने कुछ सामानों को डाक विभाग के माध्यम से मंगवाते हैं। यहां अधिकतर शासकीय कार्यों में डाक विभाग की सेवाएं ली जाती है। इंटरनेट के इस दौर में भी डाक विभाग का महत्व कम नहीं हुआ है यह विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने से साबित हो रहा है।

एक दिसंबर से डाक विभाग का नया नियम हुआ लागू

खास बात

- पोस्ट ऑफस पहुंचने पर उपभोक्ताओं को मिल रही जानकारी

जीएसटी हुआ लागू

डाक संचार विभाग का नया निर्देश डाक सेवाओं में 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने का निर्देश 1 दिसंबर से विभाग में लागू हो गया है। रजिस्ट्री व स्पीट पोस्ट में 18 प्रतिशत जीएसटी ली जा रही है। प्रति 20 ग्राम में 5 रूपये की बढ़ोत्तरी हो गई है।

-विजय कुमार दुबे, पोस्ट मास्टर, मुख्य डाकघर

तीन दिन के अवकाश के बाद खुला बैंक

बोनस का पैसा लेने बैंक में उमड़ पड़े थे किसान, पहले दिन ही कैश का शॉर्टेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार को बीते दो वर्ष की बोनस राशि जारी किए जाने के बाद पहले दिन मंगलवार को जिला सहकारी बैंक की सभी ब्रांच में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। कोरबा मुख्य ब्रांच से लेकर पाली, पोड़ी उपरोड़ा, कटघोरा के ब्रांच में किसानों की उमड़ी भीड़ के कारण बैंकों को मिली राशि भी कम पड़ गई। धान खरीदी का भुगतान व बोनस का भुगतान एक साथ होने के कारण बैंकों में रकम के शॉर्टेज की स्थिति निर्मित हुई, दोपहर बाद राशि मिलने के बाद स्थिति सामान्य हो पाई।

खास बात

- धान खरीदी और बोनस का पैसा एक साथ ले रहे किसान

प्रदेश के नए सरकार के द्वारा अपने पिछले कार्यकाल वर्ष 2013-14, 2014-15 के बोनस राशि एक साथ दिए जाने की घोषणा के बाद 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर किसानों के खाते में राशि जमा कर दी गई। बोनस की उक्त राशि लेने के लिए मंगलवार को जिला सहकारी बैंक की सभी ब्रांच में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार तक किसानों को धान खरीदी के राशि का वितरण किया गया, उसके बाद शनिवार, रविवार, सोमवार तीन दिन अवकाश होने के कारण बैंकों को नई राशि का आबंटन नहीं हो सका था। मंगलवार को बैंक खुलते ही वर्तमान में चल रही धान खरीदी भुगतान की राशि लेने किसान बैंकों में उमड़ पड़े। वहीं दो वर्ष का बोनस लेने के लिए भी किसान पहुंचे हुए थे। जिससे सभी ब्रांचों में किसानों की भीड़ नजर आई। सर्वाधिक भीड़ जिला सहकारी बैंक की बरपाली शाखा में देखी गई। वहां देर शाम तक बैंक खुला रहा। हालांकि वितरण का कार्य 5 बजे तक किया गया। इसी तरह मेन ब्रांच कोरबा में भी किसानों की भीड़ नजर आई, जिसकी वजह से बैंक परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैंक के कर्मचारियों को स्थिति संभालनी पड़ी। दोपहर 2 बजे तक बैंक का पैसा खत्म होने पर तत्काल चेस्ट बैंक से राशि मंगाई गई तब कहीं जाकर किसानों को बोनस राशि मिल सकी।

जिला सहकारी बैंक की कोरबा शााखा में लगी किसानो की भीड़।

एक्सिस बैंक है सहकारी बैंक की चेस्ट शाखा

जिला सहकारी बैंक की चेस्ट बैंक एक्सिस बैंक है। जहां से बैंको को उनके द्वारा राशि प्रदान की जाती है। जिला सहकारी बैंक के द्वारा वर्तमान में जितनी डिमांड एक्सिस बैंक के चेस्ट से मांगी जा रही है उतना नहीं मिल रहा है। 5 करोड़ की डिमांड में 3 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। 2 करोड़ का वितरण सहकारी बैंक की अन्य शाखाओं को किया गया है। डिमांड के अनुरूप फंड नहीं मिलने की वजह से भुगतान को लेकर लेटलतीफी हो रही है।

बकाया बोनस राशि मिलने से किसानों के खिल उठे चेहरे

वरूण सिंह।

लम्बोदर पटेल।

धान का बोनस मिलने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए जिले के ग्राम बींझकोट के किसान लम्बोदर पटेल ने कहा कि उन्हें धान के बकाया बोनस के रूप में 5 लाख 81 हजार 400 रूपए मिले है। जैसे ही राशि उनके खाते के बोनस की राशि अंतरित हुई उनके खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इसके लिए धन्यवाद दिया। इसी तरह छुरी के किसान वरूण सिंह को भी सुशासन दिवस के अवसर पर धान के बोनस के रूप में 3 लाख 69 हजार 600 रूपए मिले हैं। उन्होंने भी इस बात पर अपनी खुशी जताते हुए कहा कि उनकों भी उम्मीद नहीं थी कि उन्हें बकाया बोनस कभी मिल पाएगा। लेकिन प्रदेश में विष्णुदेव सरकार के आते ही अब उनके खाते में धान का लंबित बोनस आ गया है। इससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। इस राशि का उपयोग से वे खेत में फसल की उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधनों की पूर्ति करने एवं उन्नत खाद-बीज खरीदने में करेंगे।

धान खरीदी और बोनस का भुगतान एक साथ

वर्तमान में चल रही धान खरीदी और बकाया बोनस राशि का भुगतान एक साथ किया जा रहा है। एक्सिस बैंक की चेस्ट से जितनी राशि की डिमांड की जा रही है उतना नहीं मिलने के कारण वितरण में देरी हो जाती है। उनके यहां 5 करोड़ की डिमांड है जिससे किसानों को बोनस और धान खरीदी का भुगतान किया जा सके।

-सरिता पाठक, ब्रांच मैनेजर, सहकारी बैंक, उरगा शाखा

पहले दिन कोरबा ब्रांच से 60 लाख का भुगतान

पहले दिन जिला सहकारी बैंक की कोरबा शाखा से 60 लाख का भुगतान किसानों को किया गया। सुबह 11 बजे से भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो जाने से दोपहर 1.30 बजे तक बैंक में फंड की कमी हो गई जिसके कारण कुछ देर के लिए भुगतान रूका रहा। दोबारा चेस्ट बैंक से डिमांड राशि प्राप्त होने के बाद भुगतान की प्रक्रिया पुनः शुरू हुई और शाम 5 बजे के बाद तक किसानों को भुगतान किया जाता रहा, जिसमें बोनस और धान खरीदी की राशि भी शामिल रही।

बैंक की बरपाली शाखा से 1 करोड़ 10 लाख का भुगतान

किसानों की संख्या के मामले में जिला सहकारी बैंक की सबसे बड़ी शाखा बरपाली ब्रांच से 270 किसानों को 1 करोड़ 10 लाख का भुगतान किया गया। यहां भी 2.5 करोड़ की डिमांड बैंक शाखा के द्वारा की गई थी। जिसमें कुछ राशि ही बैंक को प्राप्त हुई, उससे किसानों को बकाया बोनस के साथ-साथ धान खरीदी की बोनस की राशि भी वितरित की गई। करतला ब्लॉक धान के सर्वाधिक उत्पादन वाला क्षेत्र है, जहां के किसानों को बरपाली शाखा के द्वारा ही बोनस व धान खरीदी की राशि वितरित की जाती है।

बिलासपुर के बाद छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सीधे जाएगी कोरबा तक

बिलासपुर। अमृतसर से बिलासपुर आने के बाद मेंटनेंस के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रैक को रोका नहीं जाएगा। यह ट्रेन बिलासपुर में आने के बाद सीधे कोरबा के लिए रवाना हो जाएगी, जिससे अमृतसर से कोरबा तक यात्रियों को सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी।जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर से प्रतिदिन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से बिलासपुर, रायपुर होते हुए अमृतसर के लिए रवाना की जाती है। अमृतसर से वापसी के दौरान छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को बिलासपुर स्टेशन में रोककर मेंटिनेंस के लिए कोचिंग डिपो भेज दिया जाता है, जो दूसरे दिन सुबह बिलासपुर से गेवरा लोकल बनकर निकलती है। अमृतसर से बिलासपुर तक छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रूकने से चांपा और कोरबा वाले यात्रियों को दूसरी ट्रेन से सफर करना पड़ता है, जिसकी वजह से वे परेशान होते हैं। कोरबा के यात्रियों ने अमृतसर से बिलासपुर आकर रूकने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का स्टापेज कोरबा स्टेशन तक करने मांग की, लेकिन उनकी मांगों को दरकिनार कर दिया गया। जनप्रतिनिधियों की मांग और रेलवे बोर्ड के आदेश पर बुधवार को बिलासपुर रेल मंडल में सभी विभाग के अधिकारियों की बैठक रखी गई। इसमें मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने यात्रियों की मांग व सुविधा को देखते हुए कोरबा, चांपा, जांजगीर क्षेत्र के यात्रियों को अमृतसर से कोरबा तक सीधी यात्रा सुविधा सुनिश्चित करने अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक करने का निर्णय लिया गया, जिससे अमृतसर से कोरबा तक के यात्रियों को सीधी ट्रेन सुविधा कोरबा तक मिलेगी।

- अमृतसर से कोरबा तक यात्रियों को मिलेगी सीधी ट्रेन सुविधा

चलेगी चिरमिरी-अनूपपुर रेल खंड पर मेमू

इसी तरह चिरमिरी- मनेद्रगढ़ क्षेत्र से दिल्ली, हावड़ा, मुंबई तथा अन्य दिशाओं में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुगम यात्रा सुविधा हेतु अनूपपुर से कनेक्टिंग गाड़ियों की पकड़ सुनिश्चित करने के लिए चिरमिरी-अनूपपुर रेल खंड में अतिरिक्त मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया, जिससे कि सभी यात्रियों की अनूपपुर पहुंच आसान हो, जहां से उन्हे अन्य मार्ग में यात्रा करने के लिए कनेक्टिंग गाड़ी की सुविधा प्राप्त हो।

लिए गए अन्य निर्णय

रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोचों का प्रावधान करने का निर्णय लिया गया, जिससे अधिकाधिक यात्री बैठकर सहज व सुविधापूर्वक यात्रा कर सकेंगे। कोरबा से रायगढ़ के मध्य सीधी ट्रेन चलाई जाएगी, जिससे कोरबा के यात्रियों को बिना गाड़ी बदले रायगढ़ तक सीधी रेल सेवा प्राप्त हो सके। इससे उनकी रायगढ़ तक सीधी यात्रा कम समय में पूरी होगी। वर्तमान में कोरबा से रायगढ़ जाने वाले यात्रियों को चांपा स्टेशन में गाड़ी बदलकर जाना पड़ता है। पारंपरिक पैसेंजर रैक को यथाशीघ्र तेज गति से चलने वाली मेमू रैक में बदला जाएगा, जिससे गाड़ी त्वरित गति से परिचालित होगी तथा यात्री सही समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे और गाड़ियों की समयबद्धता भी बढ़ेगी।

दीपका खदान से आयरन पाइप सहित एंगल की चोरी

कोरबा। दीपका परियोजना में सुरक्षा प्रभारी के पद पदस्थ मनोज तिवारी ने दीपका थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 दिसंबर को वह ड्यूटी पर था। इसी दौरान शाम लगभग 6.30 बजे वर्कशाप के बाउंड्री के बगल मे एक अज्ञात बोलेरो पिकअप वाहन द्वारा पिकअप मे लोड आयरन पाईप, एंगल, आयरन छड़, कटिंग टूल्स सहित कुल 50 हजार रुपए के माल की चोरी कर ले जा रहा था। जिससे पूछताछ करने पर उक्त वाहन चालक वहां से फरार हो गया। मामले में अज्ञात बोलेरो पिकअप चालक के विरुद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

जिले के थाना व चौकी में 95 बाइक स्कूटी दौड़ रही अपराधियों को पकड़ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस के अधिकारियों को अपराधियों की धरपकड़ से लेकर और दीगर काम निपटाने के लिए शासन द्वारा चार पहिया वाहन उपलब्ध कराया जाता है तो वहीं दूसरी ओर निचले स्तर की कर्मचारी आरक्षकों को भी विभागीय काम करने व गली कूचों में पेट्रोलिंग करने के लिए बाइक व महिला आरक्षकों को एक्टिवा भी उपलब्ध कराया जाता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिला पुलिस के पास 95 मोटरसाइकिल व एक्टिवा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं जो थाने में लगातार दौड़ रहे हैं। जिसमें से पुलिस विभाग के आंकड़ों के मुताबिक एक मोटरसाइकिल कंडम हो चुकी है जबकि कुछ कंडम होने की कगार पर हैं।

खास बातें

- पुलिस मुख्यालय से समय समय पर उपलब्ध कराई जा रही है वाहन
- मात्र एक बाइक है कंडम, कुछ की हालत जर्जर

उल्लेखनीय है कि जिले में पदस्थ पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों को सभी तरह के काम निपटाना व अपराधियों की धरपकड़ के लिए वाहन उपलब्ध कराए जाते हैं। समय-समय पर वाहनों की डिमांड पुलिस मुख्यालय से की जाती है और डिमांड के अनुसार ही जिलों को वाहन उपलब्ध कराए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिला पुलिस को अलग-अलग वर्षों में पुलिस के जवानों व महिला आरक्षकों को काम समय पर निपटाने के लिए 95 मोटरसाइकिल व एक्टिवा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं जो डिमांड के अनुसार थाना और चौकी को पुलिस मुख्यालय से आबंटित किया गया है। पुलिस लाइन से मिले आंकड़ों के मुताबिक जिला पुलिस में जो 95 मोटरसाइकिल व एक्टिवा वाहन दौड़ रही है उसमें से एक ही वाहन कंडम हुआ है जबकि कुछ वहां और भी कंडम होने के कगार पर हैं। हालांकि विभाग द्वारा इन वाहनों का समय पर मरम्मत कराया तो जाता है लेकिन सूत्र बताते हैं कि सही समय पर मरम्मत नहीं होने की वजह से वाहन लगातार दौड़ रहे हैं। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि बाइक व एक्टिवा का सही समय पर बेहतर ढंग से मरम्मत नहीं हो पाता है। जिसकी वजह से कई वाहन कंडम होने के कगार पर हैं।

थाने में खड़े पुलिस विभाग के वाहन।

95 बाइक व एक्टिवा उपलब्ध

पुलिस मुख्यालय से समय-समय पर वाहन उपलब्ध कराए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिला पुलिस को 95 मोटरसाइकिल व एक्टिवा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं जो विभिन्न स्थानों चौकी में दौड़ रहे हैं। इसमें से मात्र एक ही वाहन कंडम हुई है बाकी शेष की स्थिति ठीक है(इन वाहनों के मरम्मत के लिए हर वर्ष शासन द्वारा राशि भी उपलब्ध कराई जाती है और डिमांड के अनुसार वाहनों का मरम्मत भी किया जाता है।

-रामेश्वर सिंह
एमटीओ, पुलिस लाइन कोरबा

माकपा ने एसईसीएल को थमाया घेराव का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान से प्रभावित किसानों को विगत तीन वर्षों का फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और छत्तीसगढ़ किसान सभा के साथ बैठक करने के बाद माकपा के नेतृत्व में एसईसीएल के कोरबा महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर 2 जनवरी को कोरबा मुख्यालय घेराव का नोटिस थमा दिया है।

ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से माकपा जिला सचिव प्रशांत झा,किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर,दीपक साहू,के साथ प्रभावित किसान महिपाल सिंह कंवर,गणेश राम चौहान उपस्थित थे। माकपा जिला सचिव प्रशांत झा और छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर ने बताया कि बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान के कारण सुराकछार बस्ती के किसानों की भूमि वर्ष 2009 से कृषि कार्य करने योग्य नहीं रह गई है। इससे किसानों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए वर्ष 2019-20 तक का फसल क्षतिपूर्ति व मुआवजा एसईसीएल प्रबंधन को देना पड़ा है लेकिन इसके बाद वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 तक का तीन वर्षों का मुआवजा अभी तक लंबित है। अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा द्वारा किसानों को हुए नुकसान का आंकलन कर क्षतिपूर्ति व मुआवजा देने के लिए एसईसीएल कोरबा प्रबंधन को पत्र देने के बाद भी किसानों की समस्याओं के प्रति एसईसीएल की उदासीनता और उसकी वादाखिलाफी के खिलाफ किसानों में काफी आक्रोश है।

ज्ञापन देते माकपा के पदाधिकारी।

खास बात

- 2 जनवरी को एसईसीएल कोरबा मुख्यालय का घेराव

युवक की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

कोरबा। एक 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के पंपहाउस बस्ती की है। यहां निवासरत पोषण चौहान 35 वर्ष पिता धीरज चौहान की मंगलवार की सुबह अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपत्ति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज नए साल पर होगी रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style

पूजा हेगड़े

शाहिद संग एक्शन थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़, ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।

हॉलीवुड मसाला

क्रिसमस समारोह में हुए शामिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसनें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रहे हैं। दरअसल, 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री के आवास पर क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया था, जहां ईसाई समुदाय के कई लोग पहुंचे थे। इन्हीं सब के साथ डिनो भी इस समारोह का हिस्सा बने। अब अभिनेता ने 26 दिसंबर को इस समारोह की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं।

डिस्कवरी इंक की बॉक्स ऑफिस पर फिर वापसी

लॉस एंजिलस। छुट्टियों का मौसम ख़त्म होने और 2024 के शुरू होने के साथ ही हम जनता को सिनेमाघरों की ओर वापस आकर्षित करने के लिए सेट की गई प्रमुख मोशन पिक्चर्स पर प्रकाश डालते हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि छुट्टियों के मौसम में बॉक्स ऑफिस क्या लेकर आता है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी इंक की 15 दिसंबर की सफल शुरुआत के बाद आशावादी माहौल है। वोंका. उस फिल्म ने अपनी शुरुआती रात में 3.5 मिलियन डॉलर की कमाई की। सीएनबीसी की जूलिया बरस्टिन के अनुसार, उद्योग विश्लेषकों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मजबूत आंकड़ों के साथ-साथ पहले सप्ताहांत में कुल बॉक्स ऑफिस बिक्री 40 मिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान लगाया है। ब्लॉकबस्टर बार्बी और ओपेनहाइमर ने परिवारों को सिनेमाघरों में वापस आकर्षित किया, और फिर टेलर स्विफ्ट के द एरास टूर म्यूजिकल के परिणामस्वरूप इस तिमाही की शुरुआत में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी।

जैकी संग प्यार का किया इजहार...

मुंबई। अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी ने 25 दिसंबर को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। जैकी के जन्मदिन पर रकुल ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कर अपने प्यार का इजहार किया है। इसके साथ उन्होंने नोट भी लिखा है। रकुल ने जैकी संग अपनी तस्वीरें साझा कर लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। इस जन्मदिन पर और हर दिन मैं कामना करती हूं कि आपको वह सब मिले जो आप चाहते हैं। आपकी दयालुता और मासूमियत मिलना दुर्लभ है।' उन्होंने आगे लिखा, 'आपके चुटकुले सबसे मूर्खतापूर्ण हैं, लेकिन मुझे यह मानना होगा कि आप मजाकिया हैं। भगवान आपकी रक्षा करें, क्योंकि आपके जैसे पुरुष बहुत कम हैं। रोमांच, सफर, खाना और हंसना है और हमें हमेशा साथ रहना है।' इस खास मौके पर दुनियाभर में मौजूद प्रशंसकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



विलेन बन खेसारी से लेंगे टक्कर...

मुंबई। अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्टरी के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन, खेसारीलाल यादव से टक्कर लेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल है। फिल्म की मुख्य भूमिका में खेसारी लाल यादव और राहुल शर्मा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता पराग पाटिल और राकेश रौशन सिंह हैं। आर्यन बब्बर ने फिल्म राजाराम को लेकर कहा कि यह बड़े बैनर की फिल्म है और यह मेरे लिए बड़ी ऑपच्र्युनिटी है। फिल्म की कास्ट एंड क्रू बेहद उत्साहित करने वाली है।

टीवी मसाला

'कर्माधिकारी शनि देव' में मिस्टर हिमाचल रवीज ठाकुर आएंगे नजर

हिमाचल के होनहार रवीज ठाकुर 'देवों के देव महादेव' के प्रोड्यूसर निखिल सिन्हा के नए धारावाहिक 'कर्माधिकारी शनि देव' में पैरलल लीड में नजर आएंगे।

नई दिल्ली। धारावाहिक का प्रोमो जल्द आएगा, धारावाहिक अगले महीने से शेमारू टीवी पर देखा जा सकेगा। धारावाहिक की शूटिंग मुंबई स्थित भजनलाल स्टूडियो में जारी है। संदीप मोहन रिवीज के पिता के रोल में नजर आएंगे। 'दिव्य हिमाचल मीडिया ग्रुप' के लोकप्रिय इवेंट 'मिस्टर हिमाचल' के विजेता रवीज ठाकुर ने मुंबई में बड़ी ख्याति हासिल की है।

सोनी टीवी के सीरियल 'पोरस' में रविज ठाकुर को सेल्यूकस निकेटर के किरदार में लोगों ने खूब पसंद किया। शिमला की रोहड़ू तहसील के रूंडा गांव के रविज ने हाल ही में मनोज बाजपेई के साथ एमेजॉन प्राइम का विज्ञापन किया। रविज का मानना है कि 'मिस्टर हिमाचल' के माध्यम से ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। रवीज इससे पहले दर्जनों सीरियल में काम कर चुके हैं। रवीज ठाकुर ने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर से हासिल की है। वर्ष 2015 में 'मिस्टर हिमाचल' जैसे प्लेफार्म ने उनकी दिशा बदल दी। 'मिस्टर इंडिया मैन हंट पेजेंट' का खिताब हासिल करने के बाद जनवरी, 2016 में रवीज ने मुंबई का रुख किया, तो अपने हुनर के बूते सीरियल में काम करने का मौका मिला।

'द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। डिज्नी+हॉटस्टार के आगामी शो 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' को ग्राफिक इंडिया द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारूवी अग्रवाल ने डिज्नी+हॉटस्टार के लिये इसे क्रिएट किया है, जिसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी 2024 से शुरू होगी। इसमें रामायण की उन कालजयी कहानियों को प्रदर्शित किया गया है, जो हनुमान की गाथा को सामने लाती हैं।

युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे : प्रोड्यूसर

द लेजेंड ऑफ हनुमान के क्रिएटर एवं एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, द लेजेंड ऑफ हनुमान' के सीजन 3 में हम अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाले निरंतर युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे, और दिखायेंगे कि कैसे अजर-अमर भगवान हनुमान भयानक अंधकार के बीच हमेशा जलने वाली आशा की ज्योति बन जाते हैं। इसमें पहली बार, लंका की महायुद्ध की भव्यता और देवताओं, दानवों, वनों में रहने वाले जीवों और महान योद्धाओं को उच्च गुणवत्ता वाले एनीमेशन के माध्यम से दिखाया जाएगा।

रावण का किरदार मुझे बचपन से पसंद रहा : केलकर

'द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' में रावण को आवाज देने वाले, शरद केलकर ने कहा, मैं भगवान हनुमान के दिग्गज कारनामों के बारे में सुनते हुए बड़ा हुआ हूं और अब रावण के किरदार में इस कहानी का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा है। बचपन में रामायण की कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया था। मुझे रावण की तगड़ी हंसी बड़ा आकर्षित करती थी और उस हंसी ने सबको हमेशा रोमांचित किया। उस हंसी को पेश करना एक बड़ी चुनौती थी। डबिंग के दौरान मैं उस हंसी का बार-बार अभ्यास करता था; इतना कि मैं आसपास के क्रू मेंबर्स को चौंका देता था।

अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म 'सुल्तान मिर्जा' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निर्देशक इकबाल बख्श ने लखनऊ पर एक समय राज किए हुए अंडरवर्ल्ड डॉन सुल्तान मिर्जा पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा बनाई है, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। ओक़ाब इंटरनेशनल, रेड किंग फ़िल्मि प्रोडक्शन्स प्रेजेंट्स इस फ़िल्मि के निर्माता हिमायत अली हैं। इस फ़िल्मि को शान परफॉर्मिंग ग्रुप, आर आर रोकड़े प्रोडक्शन्स और वी जी फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनाया गया है। फ़िल्मि सुल्तान मिर्जा के सह निर्माता राजेश रोकड़े गेंदराज यादव एवं जावेद मीर खान हैं। इस फ़िल्मि

की कहानी दीपक भाटिया ने लिखी है, स्क्रीनप्ले और संवाद हिमायत अली का है। फ़िल्मि के सिनेमेटोग्राफर दिनेश आर पटेल एवं सन्तोष सिंह हैं। फ़िल्मि में मारधाड़ जावेद आर शेख का है , कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री हैं। फ़िल्मि सुल्तान मिर्जा के मुख्य कलाकार साहिल अख़्तर खान, श्वेता दुबे, हिमायत अली, ज़रीना वहाब, दीपक भाटिया, यशपाल शर्मा, अनंत जोग, सिकन्दर खान, देव गिल हैं।

अभिषेक बच्चन ने कहा- फिल्मफेयर में जाकर मिली पहली फिल्म

अभिषेक ने सुनाया पहली फिल्म मिलने का किस्सा

अभिषेक बच्चन ने 2000 में निर्देशक जेपी दत्त की फिल्म 'रिफ्यूजी' से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी, लेकिन ये सफर उनके लिए इतना आसान नहीं था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में अभिषेक ने करियर की शुरुआती दिनों को याद कर पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' मिलने का किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि पिता अमिताभ बच्चन के व्यवसाय के ध्वस्त होने के बाद वह अमेरिका से वापस भारत लौटे और प्रोडक्शन सहायक व सहायक निर्देशक के तौर पर काम करने लगे थे।

दिवालिया हो गए थे अमिताभ

दरअसल, अमिताभ ने एबीसीएल नाम की कंपनी खोली, जो फिल्म प्रोडक्शन, डिस्ट्रीब्यूशन और इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी। हालांकि, कंपनी पर करोड़ों रुपये का कर्ज हो गया और अभिनेता दिवालिया हो गए। बाद में अभिनेता को काम मिलने लगा और उन्होंने कर्ज उतार दिया।

कोई नहीं करना चाहता था अमिताभ के बेटे को लॉन्च

एक बातचीत में अभिषेक ने बताया कि वह हमेशा से अभिनेता बनना चाहते थे और इसलिए उन्होंने कई निर्देशकों से मुलाकात की, लेकिन कोई भी अमिताभ के बेटे को लॉन्च करने की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता था। ऐसे में अभिषेक और उनके दोस्त ने स्क्रिप्ट खुद लिखने का फैसला किया, लेकिन वह भी आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि, एक दिन अमिताभ ने अभिषेक को फिल्मफेयर पुरस्कारों में साथ चलने के लिए आमंत्रित किया, जिसके बाद उनका जीवन बदला।

बहन की शादी की शेरवानी पहन फिल्मफेयर में पहुंचे थे अभिषेक

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जाने के लिए महीनों पहले से योजना बनाई जाती थी कि क्या पहनना है क्योंकि उन दिनों कपड़े खरीदने पड़ते थे। अभिषेक ने कहा, मुझे नहीं पता था कि क्या पहनूं और अब अजीब लगता है, लेकिन मेरे पास इतने कपड़े भी नहीं थे। हम उस समय एक कठिन दौर से गुजर रहे थे और खर्चा नहीं कर सकते थे। ऐसे में अभिनेता अपनी बहन की शादी वाली शेरवानी पहनकर फिल्मफेयर में गए थे।

पुरस्कार समारोह के 2 दिन बाद ही मिल गई फिल्म

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जेपी दत्ता को फिल्म 'बॉर्डर' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला था और जब वह मंच से नीचे जा रहे थे तो उनकी नजर अभिनेता पर पड़ी। इसके 2 दिन बाद ही निर्देशक ने अभिषेक से मिलने के लिए कहा और ऐसे अभिनेता को उनकी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' मिल गई। इस फिल्म में अभिषेक के साथ करीना कपूर नजर आई थीं, जो भी बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही थीं।

इस फिल्म में दिखेंगे अभिषेक

अभिषेक हाल ही में सैयामी खेर के साथ फिल्म 'घूमर' में नजर आए थे, जिसमें वह एक पूर्व खिलाड़ी और कोच के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। ये फिल्म जी5 पर देखी जा सकती है। अब अभिनेता अजय देवगन की फिल्म 'भोला' के अगले भाग में नजर आ सकते हैं, जिसमें वह एक अहम किरदार निभाएंगे। इसके अलावा अभिनेता की फिल्म 'दसवीं' के सीक्वल को लेकर भी खबरें आ रही थीं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई।

खबर संक्षेप

सारागांव में नागलीला महोत्सव व मेला 28 को

देवरी- सारागांव। नगर पंचायत सारागांव में राधाकृष्ण नाटक मण्डली द्वारा नागलीला महोत्सव का आयोजन रखा गया है। जुलूस शुक्रवार 29 दिसम्बर को नगर के शंकरबंद तालाब में भव्य आतिशबाजी के साथ दिखाया जायेगा। तीन दिवसीय नागलीला महोत्सव का शुभारंभ 28 दिसम्बर को बाजार चौक पर मुकुट पूजन हनुमंत आराधना के साथ किया जायेगा। 29 दिसम्बर शुक्रवार के शाम 6 बजे राधाकृष्ण नाटक मण्डली व नगरवासियों द्वारा भजन कीर्तन के साथ श्री कृष्ण जी की झांकी को नगर के प्रमुख मार्ग पर भ्रमण कराते हुए शंकर बन्द तालाब पहुचने के बाद सुसज्जित नाव से तालाब में नागलीला का भव्य दृश्य दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व 29 दिसम्बर के रात्रिकालीन देवेश शर्मा की जसगीत एवं झांकी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। वहीं 30 दिसम्बर शनिवार की रात्रि को दिलीप राय एवं डांस ग्रुप कार्यक्रम आयोजित है। तीन दिवसीय नागलीला महोत्सव एवं मड़ाई मेला में शामिल होने की आग्रह आयोजको ने किया है। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य जुटे हुए हैं। बस स्टैंड के पास मीना बाजार व ब्रेक डांस ड्रायगान मौत का कुआं, आकाश झूला सहित अन्य कई तरह के झूले व मनोरंजन के दुकान अभी से सजना शुरू हो गया है। नगर के बाजार चौक के पास रात्रिकालीन कार्यक्रम के लिये भव्य पंडाल डेकोरेशन बनाया जा रहा है। एवं तालाब में जुलूस झांकी के लिए नाव तैयार किया जा रहा है।

30 दिसंबर को पुरानी बस्ती से निकलेगी अक्षत कलश यात्रा

जांजगीर-चांपा। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति जांजगीर-नैला की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें नगर में कलश यात्रा निकालने एवं नगरवासियों को इस आयोजन के संबंध में घर-घर जाकर आमंत्रण देने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। 30 दिसंबर को दोपहर तीन बजे श्री राम मंदिर वार्ड क्रमांक 12 पुरानी बस्ती जांजगीर से अक्षत कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो कचहरी चौक से नेताजी चौक होते हुए श्रीराम मंदिर नैला में समाप्त होगी। इस यात्रा में नगर के सभी गणमान्य सनातनि भाई एवं माता-बहनें को आमंत्रित किया गया है।

उद्यानिकी फसलों के बीमा 31 तक करा सकेंगे किसान

जांजगीर-चांपा। उद्यानिकी खेती करने वाले जांजगीर चांपा जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रंजना मखीजा ने बताया कि उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। सहायक संचालक मखीजा ने बताया कि निर्धारित सीमा में उद्यानिकी फसलों का बीमा स्वयं ऑनलाइन अथवा लोक सेवा केन्द्रों तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया के अधिकृत प्रतिनिधियों से भी बीमा करा सकते हैं। फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

निधन

श्रीमती रेशम शुक्ला

चांपा। स्थानीय कदंब चौक निवासी मैहर वाली मां शारदा भवानी की अनन्य भक्त तथा सभी के दुःख व परेशानी को दूर करने वाली श्रीमती रेशम शुक्ला (दीदी) का सोमवार 25 दिसम्बर को सायं 7 बजे निवास पर निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थी। श्रीमती शुक्ला अपने पीछे एक पुत्र का भरा - पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 26 दिसम्बर को मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से किया संबोधित

विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने गांव गांव तक पहुंच रही योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बुधवार को वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने संबोधित करते हुए देश के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से बात की। इस दौरान शहर से लेकर गांव-गांव में स्वसहायता समूह की महिलाओं, किसानों, ग्रामीणों, आम नागरिकों सहित अधिकारी कर्मचारियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुना।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का यह अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। शहर से लेकर गांव-गांव तक योजनाओं की जानकारी पहुंच रही है। जिले में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार 27 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के वर्चुअल कार्यक्रम को कलेक्टोरेट कार्यालय के एनआइसी कक्ष से सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के खुंटे, उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू मौजूद रहें। इसके अलावा प्रधानमंत्री के संकल्प यात्रा कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से शहर से लेकर गांव तक सुना गया। बुधवार को जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गोधना, कुरियार, बलौदा के ग्राम पंचायत बगडबरी, हरदीविशाल, अकलतरा के ग्राम पंचायत आरसमेटा, परसदा, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत करनौद, नकटीडीह, नपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत धनगांव, भिलौनी एवं चांपा में प्रचार-प्रसार रथ पहुंचा। विकसित भारत संकल्प यात्रा 28 दिसम्बर को जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पोड़ी, गिधा, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत नवापारा ख, खिसोरा, जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत के मुरलीडीह, अमोरा, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत डोंगाकौहरौद, केसला, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत गतवा, बोरसी एवं नगरीय निकाय जांजगीर, अकलतरा और बलौदा में आयोजित किया जाएगा।

भारत संकल्प यात्रा को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते पीएम नरेन्द्र मोदी।

कलेक्टोरेट सभा कक्ष में भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

प्रधानमंत्री ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से बात की। इस दौरान अधिकारी कर्मचारियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुना।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का यह अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। शहर से लेकर गांव-गांव तक योजनाओं की जानकारी पहुंच रही है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार 27 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के वर्चुअल कार्यक्रम को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष से सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें प्रभारी कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल, सयुक्त कलेक्टर बालेश्वर राम, जिला पंचायत नोडल अधिकारी बी.पी.भारद्वाज, मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर, डीपीएम श्रीमती अर्चना तिवारी, खाद्य विभाग से विनय कुजूर, भू-अभिलेख से आशीष पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के संकल्प यात्रा कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से शहर से लेकर गांव तक सुना गया।

मशरूम उत्पादन की तकनीक देखने पहुंचे 12 गांव के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

किसान स्कूल बहेराडीह में इस समय किये जा रहे मशरूम उत्पादन तकनीक को देखने जिले के 12 गाँव के किसान बहेराडीह पहुंचें। वहीं जगदलपुर के युवा किसान धनेश्वर मांझी मशरूम उत्पादन और क़ृषि की नवीन तकनीक को देख खूब प्रभावित हुये। ग

ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू के मार्गदर्शन पर फेकेल्टी अरुण कुमार पाण्डेय और उत्तम कुमार राठौर ने मनरेगा अंतर्गत उन्नति प्रोजेक्ट के तहत जिले के किसानों को मास्टर ट्रेनर जगदलपुर जिले के धनेश्वर मांझी द्वारा दी जा रहीं मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह का भ्रमण कराई गईं। जहाँ मशरूम उत्पादन तकनीक के अलावा क़ृषि क्षेत्र में कई अलग अलग प्रकार की चीजों का अवलोकन किया। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव व रामाधार देवांगन ने बताया कि मशरूम उत्पादन करने वाले किसानों को मनरेगा के तहत मशरूम उत्पादन इकाई निर्माण हेतू योजना है। यहाँ पर मनरेगा के तहत 5 लाख 67 हजार रूपये की लागत से मशरूम शेड का निर्माण किया गया है। इस इकाई में यहाँ की महिलाएं ताज़ा मशरूम उत्पादन, सूखा मशरूम, पावडर, अचार, बड़ी, पापड़ और अन्य उत्पाद तैयार करके अच्छी आमदनी लें रहे हैं। मशरूम को सुखाने के लिये उद्यान विभाग ने ड्रायर मशीन भी प्रदान किया है। क़ृषि अवशेष से मशरूम उगाने के तरीके भी सिखाई गईं।इस अवसर पर जगदलपुर जिले के युवा किसान व मास्टर ट्रेनर धनेश्वर मांझी, डोंगाकहरोद गाँव से पूर्णिमा पटेल, खोखरी से हेमा साहू, झिलमिली से शकुंतला जांगड़े, कौशिल्या बंजारे, शोभा देवी, कीर्तन साहू, सिर्री से सुनिधि किरण, दुर्गा जगत, रुचिका लहरे, शीतल पटेल, अंजलि दिनकर, लोकेश दिनकर, थानु जगत, कोड़ाभाठ से राजाबाबू बर्मन, मुलमुला से रमेश साहू, मेकरी से पंकज लहरे श्याम केवट और नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन के सचिव पुष्पा यादव, व किसान स्कूल की टीम उपस्थित थे।

सक्षम प्रांत अधिवेशन में अनुराधा व कृष्णा हुई सम्मानित

चांपा। दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सक्षम का प्रांत अधिवेशन, सरस्वती शिक्षा संस्थान रोहिणी पुरम रायपुर में संपन्न हुआ,, एक दिवसीय इस अधिवेशन में तीन सत्र आयोजित किया गया।

प्रथम सत्र में डॉक्टर प्रीती उपाध्याय, पदमा शर्मा, संगीता धुरंधर एवं जैनेंद्र जैन द्वारा मूक बधिर दिव्यांगों की समस्याओं पर आधारित प्रणव प्रकोष्ठ द्वारा, सेरिब्रल पाल्सी, डाउन सिंड्रोम , आटिज्म आदि दिव्यांगता के लिए धीमहि प्रकोष्ठ द्वारा जानकारी दी गई। डॉक्टर अनुरुद्ध प्रसाद ने दिव्यांगों हेतु आवश्यक सहायक कृत्रिम अंगों के विषय में चर्चा की। प्रथम सत्र का संचालन सौभाग्य दुबे द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन संगीता चौबे रायपुर ने किया, द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ सुरेंद्र शुक्ला अस्थि रोग विशेषज्ञ रायपुर एवं प्रांत अध्यक्ष सक्षम ने किया। मुख्य अतिथि उमेश अंधारे अधिवक्ता नागपुर रहे, विशिष्ट अतिथि उज्जवल पौडवाल, अतिरिक्त कलेक्टर एवं दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर प्रतिभा मुखर्जी साहूकार ने किया। सक्षम द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता को सात प्रकार के प्रकोष्ठों में विभाजित कर दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा स्वास्थ्य स्वावलंबन एवं सामाजिक विकास पर किए जा रहे कार्यों के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर जानकारी दी गई। उज्जवल पौडवाल द्वारा दिव्यांगों के लिए लागू शासकीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस सत्र का संचालन अमित यादव ने किया। सक्षम की परिकल्पना एवं उद्देश्य सुश्री कृष्णा यादव शिवरीनारायण ,आभार प्रदर्शन प्रोफेसर सुश्री अनुराधा राठौर चांपा ने प्रस्तुत किया, सक्षम गीत श्रीमती अंजलि चावड़ा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

41 लाख की लागत से विभिन्न कार्यो का भूमिपूजन किया नवनिर्वाचित विधायक ने

नवागढ़। जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक ब्यास कश्यप द्वारा नगर पंचायत नवागढ़ में 41 लाख रुपयों की लागत से भूमि पूजन किया। नगर पंचायत नवागढ़ में 27 दिसंबर को नवनिर्वाचित जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप द्वारा 41 लाख रुपये की लागत से भूमि पूजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, चिंताराम कश्यप, गोविंद कश्यप, नगरपंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर केशरवानी, उपाध्यक्ष अनिल गोंड, श्रीराम गोड़ संतोष साहू ,तेरस साहू, अब्दुल वहाब , पार्षद वाजिद मोहम्मद,इतवारी खूंटे,बालेश्वर साहू, हेतराम कश्यप, दिलदार खान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विष्णु प्रसाद यादव, इंजीनियर श्रीमति ममता पैकरा, अजित बंजारे ठेकेदार दाम लाल कश्यप एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भूमिपूजन में शामिल विधायक सहित अन्य।

निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में 284 मरीज लाभान्वित

सक्ती। संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के आदेशानुसार आज सक्ती विकासखंड के ग्राम भुरसीडीह में विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 284 लाभार्थी व रोगी उपस्थित हुए जिन्हें निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। 54 लोगों को स्वास्थ्य वर्धक काढ़ा पिलाया गया।

सक्ती विकासखंड के ग्राम भुरसीडीह में विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन 27 दिसंबर को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सक्ती जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश राठौर, संतोष राठौर अध्यक्ष स्कूल शिक्षण समिति भुरसीडीह, गौकरण पांडे की उपस्थिति में शिविर प्रारंभ किया गया। शिविर में डॉ उत्तम कुमार गबेल, डॉ श्रीमती युगाधिश्री जायसवाल, डॉ श्रीमती बेनजीर अहमद ,डॉ विष्णु पटेल तथा विभाग के फार्मासिस्ट हेमंत राठौर, चंद्रशेखर खूंटे , हरिसिंह कंवर, निरधि नारायण कंवर, जगसिंह कंवर, प्रभा कौशिक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती शशिकला चंद्रा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राजेश राठौर द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लाभ के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया इस दौरान शिविर में कुल 284 लाभार्थी व रोगी उपस्थित हुए। जिन्हें निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। 54 लोगों को स्वास्थ्य वर्धक काढ़ा पिलाया गया।

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का इलाज करते चिकित्सक।

परिचय सम्मेलन में शामिल हुई केशरवानी समाज की महिलाएं

चांपा। छ.ग. राज्य केशरवानी वैश्य सभा, महिला सभा एवं तरूण सभा के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 24 दिसम्बर को भाटापारा में केशरवानी समाज के विवाह योग्य युवक - युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय केशरवानी महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता के नेतृत्व में समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई।

खास बात
- भाटापारा में 24 दिसम्बर को हुआ आयोजन

सम्मेलन के दौरान कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इनमें केशरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता का सम्मान महिला सभा की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती विभा विजय केशरवानी तथा भाटापारा महिला सभा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर और शाल पहनाकर किया गया। इसके बाद एक दिवसीय योग के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा सावनी अंताक्षरी के लिए केशरवानी महिला समिति चांपा को दो अवार्ड तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में केशरवानी समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक केशरवानी, श्रीमती विभा विजय केशरवानी के अलावा सभी संरक्षकगण, पदाधिकारियों तथा भाटापारा केशरवानी समाज के सदस्यों का सहयोग रहा। सम्मेलन में नगर से केशरवानी महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता के अलावा रत्नप्रभा केशरवानी, क्षमा केशरवानी एवं राजेन्द्र केशरवानी तथा गौरव गुप्ता आदि शामिल हुए।

परिचय सम्मेलन में शामिल केशरवानी समाज की महिलाएं

अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव 1 व 2 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

- आर्थिक अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को दिया था आवेदन

पामगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन की तिथि तय हो गई है। अध्यक्ष के लिए 1 जनवरी और उपाध्यक्ष के लिए 2 जनवरी को मतदान होगा।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सम्मिलन कराने के लिए पामगढ़ एसडीएम को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि पामगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष राजकुमार पटेल और उपाध्यक्ष मनीष सिंह चंदेल के खिलाफ जनपद सदस्यों ने आर्थिक अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के पास अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन दिया था। इस पर कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन कराने के लिए 1 जनवरी की तारीख तय की है। इसी तरह उपाध्यक्ष मनीष सिंह चंदेल के लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन के लिए 2 जनवरी को तारीख दी है। पीठासीन अधिकारी पामगढ़ एसडीएम आरके तंबोली की अध्यक्षता में जनपद पंचायत कार्यालय पामगढ़ के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे सम्मिलन की प्रक्रिया शुरु होगी

सुबह को ठंड का एहसास तो दोपहर को पड रही गर्मी

जांजगीर-चांपा। सुबह के समय जहां एक ओर ठंड का एहसास हो रहा है, तो वहीं दूसरी ओर दोपहर को गर्मी पड़ रही है। वैसे देखा जाए तो 26 दिसंबर के बाद दिन बडा हो जाता है और रात छोटी हो जाती है। ऐसे में दोपहर के समय गर्मी का एहसास होता है।